[This question paper contains 8 printed pages.]

**8661** *आपका अनुक्रमांक ...............*

**B.A. (Programme)/I** **AS**

HINDI LANGUAGE – Paper I (C)

हिन्दी भाषा – प्रश्नपत्र I (ग)

*समय : 3 घण्टे* *पूर्णांक : 100*

*टिप्पणी :- प्रश्नपत्र पर अंकित पूर्णांक SOL/NCWEB/Non-Formal cell के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं। तथापि ये अंक नियमित कॉलेजों के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में कम होंगे।*

*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)*

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं। किन्हीं दो अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (10,10)

(क) मैं सरल और सरस को प्रायः समप्रर्थ समझता हूँ, पूरा नहीं। भाषा को सरल या सरस प्रशासक और विद्वान नहीं बनाया करते। जैसे और मामलों में वैसे इसमें, समय बलवान है। समय के साथ-साथ कोई अद्वितीय प्रतिभा वाला गायक, लेखक या भावक अपना रस-रत्न डालता है। इसीलिए सरकार की शब्द कोश-नीति मुझे

न सिर्फ़ अटपटी लगी, बल्कि बदनीयत भी। अगर सरकार विद्वानों की मंडलियाँ बिठाती, डॉक्टरी, इन्जीनियरी, विज्ञान वगैरह के शब्द हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं के इस्तेमाल के लिए, एक सहायक कार्य के रूप में, तो मुझे विशेष ऐतराज़ न होता, लेकिन यह सहायक कार्य न होकर आवश्यक कार्य हो गया। पहले शब्द निर्माण हो, जब अंग्रेज़ी हटे। दुनिया में ऐसा न कभी हुआ और न कभी होगा। भाषा की पहले प्रतिष्ठा होती है, तब उसका विकास हुआ करता है। मूर्ख अथवा देशद्रोही ही चाह सकता है कि भाषा का पहले विकास हो तब उसकी प्रतिष्ठा की जाए। इस्तेमाल और समय विकास किया करते हैं।

(i) प्रस्तुत अनुच्छेद के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

(ii) सरकार की शब्दकोश-नीति लेखक को अटपटी तथा बदनीयत क्यों लगती है ?

(iii) भाषा के निर्माण तथा विकास में किसकी भूमिका सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण होती है ?

(iv) "समय के साथ-साथ कोई अद्वितीय प्रतिभावाला गायक, लेखक या भावक अपना रस-रत्न डालता है।" - भाषा के संदर्भ में इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ख) हमको यह न भूलना चाहिए कि जीवन के साथ-साथ संस्कृति बदलती रहती है। जीवन स्थिर और जड़ नहीं है ? इसलिए संस्कृति भी जड़ और स्थिर नहीं है। समाज के आर्थिक और सामाजिक जीवन में परिवर्तन होते रहते हैं और साथ-साथ सांस्कृतिक जीवन

भी बदलता रहता है। हमारे देश में समय-समय पर अनेक जातियाँ बाहर से आईं और यहाँ के समाज में घुल-मिल गईं। वह अपने साथ आचार-विचार लाईं। उन्होंने यहाँ के आचार-विचार स्वीकार किए और अपने कुछ आचार-विचार हमको दिए। संस्पर्श से संस्कृतियों का आदान-प्रदान होता रहता है। प्राचीन काल में जब धर्म-मज़हब समस्त जीवन को व्याप्त और प्रभावित करता था, तब संस्कृति के बनाने में उसका भी हाथ था। किंतु धर्म के अतिरिक्त अन्य भी कारण और हेतु सांस्कृतिक निर्माण में सहायक होते थे। किंतु आज मज़हब का प्रभाव बहुत कम हो गया है। अन्य विचार जैसे राष्ट्रीयता आदि उसका स्थान ले रहे हैं। अत: अब तो उसका मान बहुत कम हो गया है। राष्ट्रीयता की भावना तो मज़हबों के ऊपर है, यदि ऐसा न होता तो एक देश में रहने वाले विविध धर्मों के अनुयायी उसे कैसे अपनाते ?

(i) प्रस्तुत अनुच्छेद के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

(ii) संस्कृति तथा जीवन में क्या समानता है ?

(iii) "संस्पर्श से संस्कृतियों का आदान-प्रदान होता है।" - इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

(iv) राष्ट्रीयता की भावना मज़हब से ऊपर क्यों है ?

(ग) मेरे लिए हवाई जहाज वह चीज़ है जिसे हम नीचे से ऊपर देखते हैं। वह नहीं जहाँ से मैं नीचे देखूँ। मैं उनमें से हूँ जिसे भारतीय संस्कृति, असंस्कृति, सभ्यता और असभ्यता से प्यार है। प्लेटफार्म

और मुसाफिर खाना मुझे जीवन का अंग, घर आँगन लगता है। हम जैसी औकात के लोगों का, जिनके घर रेल के डिब्बे की तरह होते हैं, रेल के डिब्बे को घर समझते देर नहीं लगती। एअरपोर्ट से मुसाफिरखाने में घुसने का प्रति खोपड़ी चार रूपया लगता है। जिस देश में प्रेम इस हद तक हो कि एक को रेल पर छोड़ने चार जाते हों और डिब्बे में सीट दिलाए बगैर वापिस न लौटते हों वहाँ एअरपोर्ट में घुसने का रूपया देना और हवाई जहाज के करीब तक न जा पाना संस्कृति और अर्थशास्त्र दोनों के विरूद्ध है। शायद यही वजह थी कि मुझे छोड़ने कोई नहीं आया।

(i) प्रस्तुत अनुच्छेद के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

(ii) "मेरे लिए हवाई जहाज वह चीज़ है जिसे हम नीचे से ऊपर देखते हैं। वह नहीं जहाँ से मैं नीचे देखूँ।" – यहाँ लेखक का क्या आशय है ?

(iii) एअरपोर्ट में घुसने का रूपया देना और हवाई जहाज के करीब न जा पाना लेखक को संस्कृति और अर्थशास्त्र दोनों के विरूद्ध क्यों लगता है ?

(iv) लेखक को हवाई-यात्रा की अपेक्षा रेल-यात्रा क्यों बेहतर तथा आत्मीय लगती है ?

2. किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (5×2=10)

(i) हामिद के हाथ में चिमटा देखकर दादी की क्या प्रतिक्रिया हुई ? (ईदगाह)

(ii) युवक को साँप द्वारा काटे जाने पर परिवार के लोगों ने क्या-क्या उपाय किया ? (दुःख का अधिकार)

(iii) गाँवों की समस्याओं का हल केवल बुद्धि-बल से क्यों नहीं हो सकता ? (गाँवों की अनिवार्य आवश्यकताएँ)

(iv) अकबर में अच्छे शासक के कौन-कौन से गुण थे ? (दिल्ली की आपबीती)

(v) किसी लेखक का 'टैक्स की बीमारी से मरना' साहित्य जगत् में आश्चर्य की बात कैसे हो सकती है ? (अपनी-अपनी बीमारी)

(vi) धरती के अनवरत् शोषण के लिए मुख्यतः कौन दोषी है ? (थकी-हारी धरती को अब विश्राम दीजिए)

(vii) 'बौद्धिक दासता' से लेखक का क्या तात्पर्य है ? (उपभोक्तावाद की संस्कृति)

3. निर्मला के आधार पर किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (5×3=15)

(i) निर्मला ने मंसाराम से पढ़ना क्यों छोड़ दिया ?

(ii) निर्मला का विवाह भुवन मोहन से क्यों नहीं हुआ ?

(iii) तोताराम की बहन का क्या नाम था ? वह तोताराम के घर में क्यों रहती थी ?

(iv) "हम लड़कियाँ हैं। हमारा घर कहीं नहीं होता।" निर्मला के इस कथन पर आज के संदर्भ में विचार कीजिए।

(v) कृष्णा कौन थी ? उसका विवाह कहाँ तय हुआ था ?

(vi) कृष्णा के विवाह के अवसर पर उसके घर पर, निर्मला के नाम से, पैसे किसने भिजवाये थे और क्यों ?

(vii) निर्मला की कहानी सुनकर सुधा ने अपने पति से क्या कहा ?

**अथवा**

'आज भी खरे हैं तालाब' के आधार पर किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) 'अफरा' किसे कहते हैं ? तालाब के संदर्भ में इसकी क्या भूमिका है ?

(ii) 'पाल' किसे कहते हैं ? इसकी क्या उपयोगिता होती है ?

(iii) पर्यावरण संरक्षण में तालाबों की भूमिका पर विचार कीजिए।

(iv) 'हा हा पंचकुमारी ताल' का यह नाम कैसे पड़ा ?

(v) घड़सीसर तालाब किसने बनवाया था ? इसका आकार राजस्थान के किस शहर के नक्शे जितना था ?

(vi) 'हड़वाड़ा' किसे कहते हैं ?

(vii) गजधर कौन थे ? वे नगर तथा समाज की किन जिम्मेदारियों को निभाते थे ?

4. किसी एक विषय पर लेख लिखिए : (10)

(i) मेरी गाँव-यात्रा

(ii) नारी सशक्तिकरण

(iii) युवा-वर्ग पर सिनेमा का प्रभाव

5. सन् 2011 में संपन्न क्रिकेट विश्वकप पर एक रिपोर्ट तैयार कीजिए।

**अथवा**

लाउड-स्पीकर के शोर के कारण विद्यार्थियों को होने वाली असुविधा की ओर ध्यान दिलाते हुए किसी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए। (10)

6. (क) कोश किसे कहते हैं ? किन्हीं दो प्रकार के कोशों का परिचय दीजिए। (5)

(ख) हिन्दी शब्दकोश में प्रविष्टि के लिए निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए :

सुरूचि, पोशाक, लोकप्रिय, विधर्मी, प्रबल, उपेक्षा, निर्वाह, तकदीर, मैत्री, संन्यासी। (5)

7. (क) दो-दो पर्यायवाची लिखिए :

फूल, चंद्रमा, आकाश, पानी, हवा। (5)

(ख) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए :

प्रयोजन, विपन्नता, विश्राम, परिणत, संकुचित, अनिवार्य, विकट, मज़हब, मंगलेच्छा, अभाव। (5)

(ग) उपसर्ग/प्रत्यय छाँट कर लिखिए :

सामाजिक, स्वाभाविक, अनभिज्ञ, राष्ट्रीयता, अपूर्व। (5)

8. (क) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :

(i) मैं मेरी औकात जानता हूँ।

(ii) सुनीता को उम्मीद थी कि वह परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं होगी।

(iii) गाँधी जी बोले थे कि हमें अहिंसा के रास्ते पर चलना चाहिए।

(iv) मनुष्य, ईश्वर की सबसे सुन्दरतम कृति है।

(v) कृपया करके मेरे आवेदन पर विचार करें। (5)

(ख) निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध कीजिए :

इमान, अनूरूप, दपर्ण, संधी, अपरीचित (5)